सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 07 | इंदौर, सोमवार 27 जुलाई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 15 अगस्त से पहले दहलाने की साजिश

● 1.3 किलो हाई एक्सप्लोसिव आईईडी मिली, विस्फोटक कहां से आया और निशाना क्या था?



**जालंधर, (एजेंसी) स्वतंत्रता दिवस से पहले पंजाब में बड़े आतंकी हमले की साजिश को पंजाब पुलिस ने नाकाम कर दिया। काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर और जालंधर देहात पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए उसके मुख्य ऑपरेटिव को गिरफ्तार किया है।**

आरोपी के कब्जे से 1.3 किलोग्राम हाई एक्सप्लोसिव से तैयार इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि समय रहते की गई कार्रवाई से बड़े स्तर पर जनहानि की साजिश विफल हो गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतबीर सिंह निवासी गांव पड़ियाना, आदमपुर (जालंधर) के रूप में हुई है। उसके कब्जे से काले रंग की प्लेटिना मोटरसाइकिल (पीबी-08-ईटी-6736) भी बरामद की गई है।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि बीकेआई से जुड़ा एक सक्रिय सदस्य अपने विदेशी हैंडलरों के निर्देश पर विस्फोटक सामग्री लेकर आने वाला है। इसके बाद काउंटर इंटेलिजेंस और जालंधर देहात पुलिस ने गांव ढंडौर के पास संयुक्त नाकाबंदी की।

जांच के दौरान सतबीर सिंह को रोककर उसके बैग की तलाशी ली गई जिसमें आईईडी बरामद हुई। डीजीपी ने बताया कि आईईडी में बड़ी मात्रा में लोहे के छर्रे और बॉल बेयरिंग भरे गए थे जिससे साफ है कि इसे अधिकतम जनहानि पहुंचाने और राज्य में दहशत फैलाने के उद्देश्य से तैयार किया गया था।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेश में बैठे आईएसआई समर्थित बीकेआई हैंडलरों के निर्देश पर काम कर रहा था। पुलिस अब पूरे आतंकी नेटवर्क के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाल रही है।

थाना पतारा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 113(1) और 113(3), विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4 और 5 तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1बी)(ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

पुलिस यह पता लगा रही है कि विदेश में बैठे कौन से हैंडलर्स इस मॉड्यूल को संचालित कर रहे थे। साथ ही स्थानीय स्तर पर आरोपी को किसने शरण, वित्तीय मदद और अन्य लॉजिस्टिक सहायता उपलब्ध कराई इसकी भी जांच की जा रही है। जांच एजेंसियां पूरे नेटवर्क की हर कड़ी तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं।

● मुख्यमंत्री मोहन यादव ने परीक्षा सुधारों को लेकर किया बड़ा ऐलान

# आगामी 2 साल में भरे जाएंगे एक लाख पद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगामी दो सालों में प्रदेश के विभिन्न विभागों में करीब 1 लाख नियमित शासकीय पदों पर भर्ती किए जाने की घोषणा की है। पदोन्नति से खाली हुए पदों को चरणबद्ध रूप से भरते हुए प्रत्येक विभाग का वार्षिक भर्ती कैलेंडर तैयार किया जाएगा और भर्ती एजेंसियों के माध्यम से समयबद्ध चयन प्रक्रिया की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप समान अवसर उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध भर्ती व्यवस्था ही युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाने का आधार है। इसलिए राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को अधिक विश्वसनीय, तकनीक आधारित और अभ्यर्थी हितैषी बनाने के लिए व्यापक सुधारों का निर्णय लिया है। इन सुधारों से प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी, तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को स्पष्ट दिशा मिलेगी और भर्ती प्रक्रिया अधिक सरल, सुरक्षित और समयबद्ध होगी। उन्होंने कहा कि ये व्यापक सुधार प्रतिभाशाली युवाओं को निष्पक्ष अवसर प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।

**परीक्षा से जुड़े अपराधों के खिलाफ मिलेगा कठोर दंड-** भर्ती परीक्षाओं की सुचिता बनाए रखने के लिए सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संबंधी विशेष कानून बनाया जाएगा। इसके तहत पेपर लीक, सॉल्वर गैंग, डिजिटल माध्यम से नकल, प्रतिरूपण (इम्पर्सोनेशन) और संगठित परीक्षा अपराधों के विरुद्ध कठोर दंड, आर्थिक दंड, संपत्ति कुर्की और त्वरित जांच व अभियोजन की व्यवस्था की जाएगी।

**समान पात्रता वाले पदों के लिए एक परीक्षा-** अभ्यर्थियों को बार-बार एक जैसी परीक्षाओं में शामिल होने की जरूरत समाप्त करने के लिए समान पात्रता वाले पदों के लिए साल में केवल एक संयुक्त परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके नंबर के आधार पर विभिन्न विभागों में भर्ती की जाएगी।



**प्रतियोगी परीक्षाओं में मध्यप्रदेश विशेष अनिवार्य खंड-** प्रदेश की प्रशासनिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक समझ को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी सामान्य ज्ञान आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं में "मध्यप्रदेश विशेष" का पृथक अनिवार्य खंड शामिल किया जाएगा, जिसमें न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

**शासकीय अध्ययन सामग्री पर आधारित होंगे सामान्य ज्ञान के प्रश्न-** भर्ती परीक्षाओं के सामान्य ज्ञान का पेपर मुख्य रूप से एनसीईआरटी, मध्यप्रदेश बोर्ड की पाठ्यपुस्तकों, मुक्त विद्यालय, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, जनसंपर्क विभाग के प्रकाशनों और शासन की अधिकृत वेबसाइटों पर आधारित अध्ययन सामग्री से तैयार किए जाएंगे, जिससे अध्ययन सामग्री को लेकर भ्रम समाप्त होगा।

**त्रुटिरहित पेपर और समयबद्ध आंसर-की-** पेपर में त्रुटिपूर्ण या विवादित पेपर की संभावना खत्म करने के लिए बहु-स्तरीय विशेषज्ञ समीक्षा प्रणाली लागू की जाएगी। प्रत्येक पेपर का पूर्व परीक्षण किया जाएगा, ऑनलाइन आपत्तियाँ आमंत्रित की जाएंगी और विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्धारित समय-सीमा में संशोधित आंसर-की जारी की जाएगी।

**एकीकृत भर्ती मोबाइल ऐप बनाया जायेगा-** प्रदेश के सभी भर्ती बोर्डों एवं आयोगों की सेवाओं को एकीकृत करते हुए समर्पित भर्ती मोबाइल ऐप बनाया जाएगा। इसमें वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR), आवेदन, दस्तावेज अपलोड, प्रवेश पत्र, परीक्षा केंद्र की जानकारी, लाइव नोटिफिकेशन, उत्तर कुंजी, आपत्ति दर्ज करने की सुविधा, परिणाम, दस्तावेज सत्यापन, नियुक्ति संबंधी जानकारी तथा शिकायत पंजीकरण जैसी सभी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

**नए नियम लागू होने पर मिलेगा 5 माह का समय-** अगर किसी भर्ती के नियमों, पाठ्यक्रम या परीक्षा पद्धति में परिवर्तन किया जाता है, तो संशोधित नियम प्रकाशित होने और परीक्षा आयोजित होने के बीच अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए कम से कम पाँच माह का समय दिया जाएगा, जिससे सभी को समान अवसर मिल सके।

**मॉडल पेपर और फ्री मॉक टेस्ट होंगे उपलब्ध-** प्रत्येक भर्ती परीक्षा से पहले विस्तृत पाठ्यक्रम, परीक्षा योजना, प्रश्नों का स्तर, अंक वितरण और मॉडल पेपर सार्वजनिक किए जाएंगे। साथ ही अभ्यर्थियों की तैयारी को बेहतर बनाने के लिए फ्री ऑनलाइन मॉक टेस्ट भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

**अत्याधुनिक तकनीक से होगी परीक्षा सुरक्षा-** पेपर निर्माण से लेकर मूल्यांकन तक संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया में सरकारी सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी में डिजिटल एन्क्रिप्शन, सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन और AI आधारित संदिग्ध गतिविधि विश्लेषण जैसी अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्थाएँ लागू की जाएंगी।

**स्वतंत्र शिकायत निवारण तंत्र से बढ़ेगी पारदर्शिता-** भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र एवं प्रभावी शिकायत निवारण प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा। अभ्यर्थी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकेंगे, उसकी स्थिति ट्रेक कर सकेंगे और प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। आवश्यक मामलों में स्वतंत्र जांच की व्यवस्था भी रहेगी।

## 'विदेशी ताकतें भारत में बांग्लादेश-श्रीलंका जैसा माहौल चाहती थीं': मंत्री विजयवर्गीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कांग्रेस की भूमिका पूरी तरह राजनीतिक अवसरवाद से प्रेरित है। यदि पड़ोसी के घर बच्चा पैदा हो जाए और कांग्रेस ढोल बजाने लगे, तो उसमें उसकी क्या भूमिका होगी? जिस आंदोलन का हवाला दिया जा रहा है, उसमें छात्रों ने आंदोलन किया और पुलिस की कार्रवाई भी हुई, लेकिन कांग्रेस बाद में राजनीतिक लाभ लेने के लिए मैदान में उतर आई।**

यह बात मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में शनिवार रात धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कांग्रेस द्वारा निकाले गए विरोध जुलूस पर प्रतिक्रिया



देते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि बंगाल चुनाव के बाद विपक्ष पूरी तरह निराश हो चुका था और उसे इस मुद्दे में राजनीति की एक नई संभावना दिखाई दी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इस पूरे घटनाक्रम में कोई वास्तविक योगदान नहीं था।

उन्होंने कहा राहुल गांधी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को पहले समझना चाहिए। उनके अनुसार यदि आरएसएस नहीं होती तो इस देश की स्थिति क्या होती?, इसकी कल्पना मात्र से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। आज देश जिस व्यवस्था और अनुशासन के साथ आगे बढ़ रहा है, उसके पीछे आरएसएस के स्वयंसेवकों की वर्षों की मेहनत है।

# प्रतिभा सम्मान से मिलती है नई ऊर्जा

## सैनी-माली समाज का प्रादेशिक महाकुंभ संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हम जो देखते हैं उसे ही जीवन में आचरण करने की कोशिश करते हैं हमारे बच्चे आज सोशल मीडिया इंस्टाग्राम फेसबुक और टीवी चैनलों पर जो अश्लीलता देख रहे हैं इससे संस्कार और संस्कृति दोनों का शरण हो रहा है हमको अगर परिवार और समाज बचाना है तो मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग सीमित करना होगा।**



यह बातें रविंद्र नाट्य ग्रह में रविवार को सैनी माली समाज के आयोजन में अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहीं, आयोजन समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सैनी ने बताया कि शिक्षा, संस्कार, रोजगार और पारिवारिक मूल्यों को नई दिशा देने के उद्देश्य से सैनी-माली समाज का प्रादेशिक महाकुंभ उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। जननायिका मां सावित्रीबाई फुले शिक्षा समाज विकास संस्थान के तत्वावधान में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम में अतिथियों रामकिशन सैनी,सत्यनारायण कच्छावा, सोनू गहलोत मनोहर जी, पुरुषोत्तम सैनी ने शिरकत की। अतिथियों ने समाज द्वारा शिक्षा और संस्कारों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान समाज और युवाओं को नई ऊर्जा प्रदान करता है।

### 250 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान

महाकुंभ के दौरान समाज की 250 से अधिक उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इनमें नव-नियुक्त प्रशासनिक अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, अधिवक्ता तथा बोर्ड परीक्षाओं और उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

**डॉ. विनय गुप्ता ने किया मार्गदर्शन-** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हरियाणा के कैथल से आए मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. विनय गुप्ता का विशेष सत्र रहा। उन्होंने बच्चों, युवाओं और अभिभावकों से संवाद करते हुए लक्ष्य निर्धारण, सफलता, नैतिक मूल्यों और करियर प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सैनी के नेतृत्व में पूरी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोहन पटेल, राजू सैनी, जितेंद्र मावर, अनिल सुमन, मनीष सैनी, कुलदीप कछावाह और पुनीत सैनी सहित विभिन्न समितियों के सदस्यों ने व्यवस्थाओं को संभाला।महाकुंभ में इंदौर सहित मालवा-निमाड़ क्षेत्र के 15 जिलों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

# कम-कीमत में डॉलर देने का झांसा देकर महिला से ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खजराना में ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। यहां एक व्यापारी महिला को डॉलर देने के नाम पर आरोपी ने 50 हजार रुपए ऑनलाइन अकाउंट में जमा करा लिए। महिला ने शनिवार को मामले की शिकायत की, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है।**

खजराना पुलिस के मुताबिक, अनम शेख की शिकायत पर जैक नाम के युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। अनम ऑनलाइन बिजनेस करती हैं और पिछले कुछ सालों से




डायमंड खरीदी-बिक्री का काम कर रही हैं। वह अपने बिजनेस के लिए एजेंट के माध्यम से डॉलर खरीदती थीं। कम कमीशन में डॉलर खरीदने के लिए उन्होंने जस्ट डायल पर नंबर सर्च किया। इस दौरान उन्हें एक नंबर मिला। संपर्क करने पर सामने वाले व्यक्ति ने खुद का नाम जैक बताया। उसने मौजूदा कीमत से तीन रुपए कम में डॉलर देने की बात कही। आरोपी ने 1 जुलाई को अनम को एक स्कैनर भेजा, जिसके जरिए उन्होंने 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्हें डॉलर नहीं मिले। उन्होंने आरोपी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन जैक ने उनका नंबर ब्लॉक कर दिया। अनम ने मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन पर की थी। शनिवार को खजराना पुलिस ने उनकी शिकायत पर अकाउंट होल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मंत्री ने डीएफओ को चेताया

# पौधे नहीं संभले तो हम जिम्मेदारी निभाएंगे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर को हराभरा और ऑक्सीजन बैंक बनाने के लक्ष्य के साथ रविवार को रमना क्षेत्र में 50 हजार पौधों का महाअभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंच से ही वन विभाग के डीएफओ को पौधों के संरक्षण को लेकर कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि विभाग पौधों की देखभाल नहीं कर पाया तो जनप्रतिनिधि स्वयं इसकी जिम्मेदारी उठाएंगे। वहीं जंतर-मंतर प्रदर्शन को लेकर विपक्ष पर भी तीखा हमला बोला।**

इंदौर के बिजासन टेकरी के सामने वन विभाग की भूमि रमना में रविवार को 50 हजार पौधों का वृहद पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस वर्ष शहर में 21 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक करीब डेढ़ लाख पौधे लगाए जा चुके हैं और बारिश के दौरान प्रतिदिन एक लाख पौधे लगाने का अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विजयवर्गीय ने वन विभाग के अधिकारियों को पौधों के संरक्षण को लेकर नसीहत देते हुए कहा कि केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है, उनकी देखभाल और संरक्षण भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में पानी की समस्या बताने पर बोरिंग करवाई गई, लेकिन उसके बाद भी पौधों की पर्याप्त देखभाल नहीं हुई। उन्होंने स्पष्ट कहा, “यदि वन विभाग पौधों का संरक्षण नहीं कर पाया तो हम स्वयं इसकी जिम्मेदारी निभाएंगे।”

### कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या

# शब्द सागर समूह द्वारा काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर शब्द सागर समूह द्वारा आयोजित गोष्ठी में कारगिल के वीर योद्धाओं के प्रति सच्ची संवेदनाओं का प्रवाहमय वंदन स्मरणीय रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सुरेंद्र सक्सेना द्वारा की की गई। उनके द्वारा कारगिल प्रवास और इस अभियान से जुड़ी सटीक जानकारियाँ और अनुभव साझा किए गए। काव्य गोष्ठी का आरंभ नीरल मंगला की हिमालय के वीर पंक्तियों से हुआ। डॉ सुरेन्द्र सक्सेना की रचना अमन की आशा, अंजना पसारी की स्वतंत्रता क्या है, ओमप्रकाश नटीयाल की देश की सुरक्षा प्रणाली पर पढ़ी गई रचना, पूनम सिंह की ओ देश के वीर सपूतो, अमित शर्मा की हम भारत के भारत हमारा, स्वाति सिंह राठौर साहिबा की आजादी के दीवानों को है प्रणाम, उषा पटेल की हर दिल में था वंदे मातरम्, संजना पोरवाल की रचना शूर तुम वीर तुम वीर रस से परिपूर्ण रही। दिनेश तिवारी उपवन जांबाज कारगिल के रणवीरों की शहादत पर नमन रचना प्रभावपूर्ण थी, कल्याणी गुप्ता कृति की रचना आओ केवल पुष्प न चढ़ाएं उनके सपनो का मान करें अर्थपूर्ण थी। डॉ. अखिलेश राव ने राम कृष्ण की पुण्य धरा भारत देश हमारा है पढ़ी।

# समान नागरिक संहिता लागू होने पर इंदौर में उत्सव

### ● शहरभर में बांटी मिठाई और हुई आतिशबाजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर।मध्यप्रदेश विधानसभा में समान नागरिक संहिता पारित होने के उपलक्ष्य में रविवार को शहर में उत्साह और उत्सव का माहौल रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करने के लिए सामाजिक संस्थाओं द्वारा शहर के प्रमुख मंदिरों और चौराहों पर आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी गईं।**



इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री अभिनंदन समिति के संयोजक पंडित योगेंद्र महंत, गौ सेवा भारती के अध्यक्ष सुरेश पिंगले, चैतन्य भारत के अध्यक्ष सीताराम व्यास एवं वरिष्ठ हुकुमचंद सावला,गौ सेवक अशोक गुप्ता ने बताया कि समान नागरिक संहिता प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक और दूरगामी निर्णय है। इसी खुशी में शहर के प्रमुख चौराहों मंदिरों एवं बाजारो पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गौसेवकों ने नागरिकों के साथ मिलकर खुशियां मनाईं और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। गौ सेवा भारती, चैतन्य भारत और अनंत सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे प्रसिद्ध रणजीत हनुमान मंदिर से हुई। यहां ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ उत्सव का आगाज हुआ। इसके बाद वाहनों का काफिला महाराणा प्रताप प्रतिमा (गंगवाल बस स्टैंड), बड़ा गणपति मंदिर, मल्हारगंज, खजूरी बाजार और सुभाष चौक होते हुए ऐतिहासिक राजवाड़ा पहुंचा। राजवाड़ा के बाद जुलूस (वाहन रैली ) किशनपुरा छतरी और रीगल चौराहे पर पहुंचा, जहां शहरवासियों को समान नागरिक कानून की बधाई देते हुए मिठाइयां वितरित की गईं और आतिशबाजी की गई। यहां से काफिला लेंटर्न चौराहा होते हुए शाम 7 बजे मालवा मिल पहुंचा, जहां भव्य आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे मार्ग में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर काफिले की अगवानी की।

# हाथी ने सूंड से उठाकर पटका, पैर से कुचला, ऑटो ड्राइवर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक हाथी ने ऑटो ड्राइवर को सूंड से उठाकर पटक दिया। इसके बाद पैर से कुचल दिया। ड्राइवर हाथी को गुड़ खिला रहा था। इसी दौरान वह अचानक भड़क गया। हमले में गंभीर रूप से घायल ड्राइवर को अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।**

घटना शनिवार शाम 4.18 बजे राजनगर पुलिस चौकी के पास हुई। रविवार को इसका वीडियो सामने आया। मृतक की पहचान विजय उर्फ लक्ष्मण राव होलकर (49) के रूप में हुई। पुलिस ने महावत को हिरासत में ले लिया है। चंदन नगर थाना पुलिस के मुताबिक, हाथी को उज्जैन से जैन समाज के एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इंदौर लाया गया था। कार्यक्रम के बाद महावत उसे इलाके में घुमाते हुए भिक्षावृत्ति कर रहा



था। इसी दौरान ऑटो चालक विजय राव ने हाथी को रोककर उसे गुड़ खिलाना शुरू किया था। तभी हाथी अचानक भड़क गया। उसने विजय को सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया और फिर उसके ऊपर पैर रख दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह हाथी को काबू किया और घायल विजय को अस्पताल पहुंचाया। घायल विजय को पहले जिला अस्पताल और बाद में वर्मा यूनियन अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात करीब 7:30 बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी, एक बेटा और अन्य परिजन हैं। टीआई तिलक करोले ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। महावत को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हाथी के संबंध में इंदौर जू के अधिकारियों को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस के अनुसार, घटना के समय विजय के शराब के नशे में होने की बात भी सामने आई है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच और मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही होगी। इंदौर में हाथी के हमले की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले करीब दो दशक पहले सीतलामाता बाजार और करीब आठ साल पहले पाटनीपुरा इलाके में भी हाथी के हमले की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

उर्मिला सैनी हत्याकांड

## खेत में मिला सिर, डीएनए परीक्षण कराएगी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी की हत्या के बाद उसके पति ने गंजबासौदा में रेल से कटकर जान दे दी। पुलिस को रेलवे ट्रैक पर उसका धड़ मिला था, लेकिन सिर बरामद नहीं हुआ था। अब ट्रैक के पास के खेत में एक सिर मिला है।**

अफसरों को आशंका है कि यह सिर उर्मिला के पति अखिलेश सैनी का हो सकता है। हालांकि, अभी तक पुलिस ने आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं की है। सिर का डीएनए परीक्षण कराया जाएगा। इसके लिए सैंपल लिए गए हैं। जांच के बाद सिर की पहचान सुनिश्चित की जाएगी। सिर पुराना होने के कारण चेहरा पहचान में नहीं आ रहा है। पुलिस को ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि खेत में एक मानव सिर पड़ा है। पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेज दिया। सिर रेलवे ट्रैक से आधा किलोमीटर दूर मिला। पुराना होने के कारण वह सड़ चुका है और पहचान में नहीं आ रहा है। अफसरों का कहना है कि सिर का डीएनए परीक्षण कराया जाएगा। इससे पता चलेगा कि सिर अखिलेश का है या नहीं। जिस जगह सिर मिला है, उससे 500 मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर धड़ मिला था। रिपोर्ट सोमवार को आएगी, जो उर्मिला सैनी हत्याकांड की जांच के लिए महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकती है। आपको बता दें कि 11 जुलाई को डाक विभाग की पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी की हत्या उसके ही पति ने गला दबाकर कर दी थी।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के बापू नगर निवासी दिनेश अहिरवार (30) ने शनिवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। पुलिस के अनुसार घटना से पहले उसका पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद के बाद पत्नी नीचे चली गई थी। शाम को जब वह वापस कमरे में पहुंची तो दिनेश का शव फंदे से लटका मिला। दिनेश के दो बच्चे हैं और वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था।

### स्क्रैप दुकान कर्मचारी ने भी दी जान

एमआईजी थाना क्षेत्र के नया बसेरा निवासी राजू कलमे (42) ने भी शनिवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह स्क्रैप की दुकान पर काम करता था। सबसे पहले उसके भाई ने उसे फंदे पर लटका देखा। राजू के परिवार में माता-पिता, दो भाई और दो बहनें हैं। पुलिस ने दोनों आत्महत्या के मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जली अवस्था में मिली लाश

## आईसीआईसीआई बैंक में पदस्थ महिला अधिकारी की संदिग्ध मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के खजराना थाना क्षेत्र में आईसीआईसीआई बैंक में कार्यरत एक महिला अधिकारी का जला हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध माना जा रहा है।



मृतका की पहचान पलक कश्यप के रूप में हुई है। उनके पिता राधेश्याम कश्यप ने बताया कि वे मूल रूप से हरदा जिले के टिमरनी के निवासी हैं। पलक पिछले करीब पांच वर्षों से इंदौर में रहकर आईसीआईसीआई बैंक में कार्यरत थीं। वह खजराना क्षेत्र स्थित तपेश्वरी बाग में किराए के मकान में अकेली रहती थीं। राधेश्याम कश्यप ने बेटी की मौत पर संदेह जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। खजराना थाने में पदस्थ सब-इंस्पेक्टर घनश्याम मिश्रा ने बताया कि पलक का शव उनके किराए के मकान के किचन में जली हुई अवस्था में मिला। घटनास्थल से गैस चूल्हा और अन्य सामान भी बरामद हुआ है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस मृतका के मोबाइल फोन की जांच कर रही है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। मकान के आसपास रहने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सके। पुलिस का कहना है कि फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## पांडेय दंपती की रिहाई के लिए मंत्री विजयवर्गीय ने लिखा पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निवास के बाहर प्रदर्शन करने वाले पांडेय दंपती की रिहाई के लिए स्वयं कैलाश विजयवर्गीय ने पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह को पत्र लिखा है। यद्यपि यह पत्र 24 जुलाई को प्रेषित किया गया था, परंतु यह शनिवार को सार्वजनिक हुआ है। कैलाश विजयवर्गीय ने पत्र में उल्लेख किया है कि विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विधानसभा की कार्यवाही में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि उनके द्वारा दिल्ली में आंदोलनरत छात्रों के संबंध में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है। इसके पश्चात उमंग सिंघार और अन्य नेताओं द्वारा उक्त आरोपों का सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रचार किया गया। अगले ही दिन कैलाश विजयवर्गीय के निवेदन पर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस विषय की जांच कराई गई और विधानसभा की संपूर्ण वीडियो रिकॉर्डिंग का अवलोकन किया गया।



जांच के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष ने सदन में स्पष्ट रूप से बताया कि कैलाश विजयवर्गीय द्वारा ऐसा कोई भी अपमानजनक अथवा आपत्तिजनक शब्द नहीं कहा गया था, जैसा कि आरोप लगाया जा रहा था। इस प्रकार उनके विरुद्ध लगाए गए आरोप पूर्णतः असत्य और निराधार सिद्ध हुए। कैलाश विजयवर्गीय ने पत्र में आगे लिखा कि सत्य सामने आने से पूर्व सोशल मीडिया पर किए गए दुष्प्रचार के कारण कई लोगों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसी क्रम में इंदौर निवासी पांडेय दंपती भी इस दुष्प्रचार का शिकार होकर उनकी कॉलोनी में प्रदर्शन करने पहुंचे। चूंकि प्रदर्शन पूर्व से घोषित था, इसलिए पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से मिल गई थी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक पुलिस व्यवस्था की गई और प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने विधि एवं नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित दंपती को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने लिखा कि घटना के समय वे विधानसभा की कार्यवाही में व्यस्त थे। विधानसभा सत्र समाप्त होने के पश्चात उन्हें संपूर्ण घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त हुई। तत्पश्चात यह भी ज्ञात हुआ कि संबंधित दंपती के दो छोटे बच्चे हैं। उनका मानना है कि माता-पिता की भूल का दुष्प्रभाव उनके मासूम बच्चों पर नहीं पड़ना चाहिए।

Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है... समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है... तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे। या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे

www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है)

निवाड़ी में विकास का नया अध्याय आरंभ हो रहा है: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# समान नागरिक संहिता समान अधिकार की दिशा में ऐतिहासिक कदम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**निवाड़ी, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब, युवा, नारी और किसानों के कल्याण के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य कर रही है। सबका कल्याण ही राज्य सरकार का उद्देश्य है। इसी भाव से राज्य में समान नागरिक संहिता 2026 पारित हुई है। माताओं-बहनों और बेटियों को समान अधिकार और सुरक्षा देने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है। किसान कल्याण, राज्य सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। किसानों की बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष 14 लाख किसानों से समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जित किया गया।




किसानों की आय बढ़ाने के लिए दुग्ध उत्पादन को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। दुग्ध उत्पादन को 20 प्रतिशत तक ले जाना राज्य सरकार का लक्ष्य है। कृषकों को मछली पालन, सिंघाड़े की खेती जैसी की आय बढ़ाने की गतिविधियों में सहायता और सलाह दी जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवाड़ी में विकास का नया अध्याय आरंभ करते हुए 109 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 44 कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने 54 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 15 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओरछाधीश रामराजा सरकार को नमन करते हुए कहा कि हम निवाड़ी में रामराज्य की स्थापना के पथ पर अग्रसर हैं। टीकमगढ़ से अलग कर निवाड़ी को नया जिला बनाया गया है। यहां विकास की अनन्त संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव निवाड़ी में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों और विभिन्न सड़कों का हुआ लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 25 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से बने नए संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन और लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से 100 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय, निवाड़ी के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 12 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विरौरा, सकेरा, अतर्रा, जमुनिया, जिखनगांव, गुवावली, चुरारा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सड़क और अन्य निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इस क्रम में 10 करोड़ रुपए लागत के पृथ्वीपुर के जेवरा, सकेरा भंडारन और सेंदरी में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, निवाड़ी में आयुष विंग और संजीवनी क्लीनिक का भी लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री डा. यादव ने मजरा खैराई, दिगवारकलां के स्टॉप डैम,14 आंगनवाड़ी केंद्रों और निवाड़ी के नवनिर्मित भवन का भी लोकार्पण किया। इसमें आंगनवाड़ी भवन, सड़क सहित अन्य अधोसंरचना के विकास कार्य शामिल हैं। निवाड़ी जिले के प्रभारी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि निवाड़ी जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन और निवाड़ी जिले को मिली सौगातें निवाड़ी के विकास को आगे बढायेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। राज्यसभा सांसद श्री महेश केवट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार भारत को विकसित भारत बनाने में अपना योगदान दे रही है। प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना का विकास तेजी से हो रहा है। किसान, युवा, गरीब और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. शिशुपाल सिंह यादव, नगर परिषद अध्यक्ष निवाड़ी श्री गुलाब अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# दतिया के उदगंवा में भाजपा प्रचार रथ पर हमला

● आजाद समाज पार्टी समर्थकों ने फाड़े बैनर, ड्राइवर से गाली-गलौज, FIR दर्ज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया, एजेंसी।** दतिया विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के बीच रविवार शाम जिगना थाना क्षेत्र के उदगंवा में भाजपा के चुनाव प्रचार वाहन के साथ तोड़फोड़ की घटना सामने आई। आरोप है कि आजाद समाज पार्टी के समर्थकों ने प्रचार वाहन को रोककर उस पर लगे बैनर और होर्डिंग्स फाड़ दिए। चालक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एफआईआर के अनुसार, भोपाल के बेरसिया निवासी जितेंद्र कुशवाह टाटा छोटा हाथी वाहन (MP 04 LD 5597) से भाजपा का चुनाव प्रचार कर रहे थे। यह वाहन रिटर्निंग ऑफिसर, विधानसभा क्षेत्र-22 दतिया से विधिवत अनुमति प्राप्त था।

रविवार शाम करीब 5:15 बजे सिकंदरा से प्रचार कर लौटते समय उदगंवा के मंडी गेट के सामने वाहन पहुंचा। उसी समय वहां आजाद समाज पार्टी की चुनावी सभा समाप्त हुई थी और समर्थकों की भीड़ बाहर निकल रही थी। शिकायत के मुताबिक, भीड़ ने वाहन रुकवाया, चालक से अभद्रता की और वाहन पर लगे भाजपा के सभी फ्लैक्स व होर्डिंग्स फाड़ दिए। चालक ने करीब 2500 रुपए के नुकसान की बात कही है। घटना के बाद चालक ने जिगना थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की संबंधित धाराओं में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बड़ौनी एसडीओपी विनायक शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल और आसपास के लोगों से पूछताछ कर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पहचान होने के बाद उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवाड़ी के नवीन संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का किया लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**निवाड़ी, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को निवाड़ी में 25 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कलेक्टर कक्ष सहित विभिन्न शाखाओं और परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहुप्रतीक्षित नवीन कलेक्टर कार्यालय की सौगात मिलने से जनसामान्य को पहले से बेहतर और सुलभ तरीके से नागरिक सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। जिला मुख्यालय पर एक ही स्थल पर विभागों के कार्यालय संचालित होने से समयबद्ध और त्वरित रूप से नागरिकों को विभिन्न योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं का लाभ सहजता से प्राप्त होगा। लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री एवं निवाड़ी जिले के प्रभारी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, राज्यसभा सांसद श्री महेश केवट एवं विधायक श्री अनिल जैन सहित स्थानीय उपस्थित रहे।

## भाजपा नेत्री की कार ने बच्चे को कुचला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड, एजेंसी।** भिंड में दादा के साथ बाजार जा रहे चार साल के मासूम की मौत हो गई। नेशनल हाईवे-719 पर भाजपा की पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा शर्मा की ब्रेजा कार का गेट ड्राइवर ने चलते वाहन में अचानक खोल लिया। ओवरटेक कर रही बाइक कार के गेट से टकरा गई। टक्कर के बाद मासूम उछलकर सड़क पर गिरा और कार के पहिए के नीचे आ गया। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने ड्राइवर की पिटाई कर हाईवे पर जाम लगा दिया। देहात थाना क्षेत्र के कनकूरा गांव के पास शनिवार शाम हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक, चार वर्षीय देवांश यादव अपने दादा सुनील यादव के साथ बाइक से भिंड बाजार जा रहा था। कुंवारी नदी पुल के पास वे ब्रेजा कार को ओवरटेक कर रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि देवांश उछलकर सड़क पर गिरा और कार के पहिए की चपेट में आ गया। सिर पर पहिया गुजरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

ग्वालियर में हाईवे पर बंदूक दिखाकर ट्रक को रोका

# रंगदारी न देने पर बोलेरो सवारों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, गोलियां मारकर 12 टायर किए बर्स्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर के एबी रोड (आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे) पर रविवार शाम बेखौफ बदमाशों की रंगदारी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक बिना नंबर की सफेद बोलेरो से आए हथियारबंद बदमाशों ने किराना सामान से भरे एक कंटेनर को ओवरटेक कर रोक लिया।

बंदूक की नोक पर रंगदारी मांगने के दौरान जब चालक ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया, तो बदमाशों ने गाड़ी पर राइफल से ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गोलियों से कंटेनर के पूरे 12 टायर पंक्चर (बर्स्ट) हो गए।

इसी समय वहां से पुलिस की पेट्रोलिंग टीम निकली तो बदमाश आरोपी चालक-हेल्पर को जान से मारने और आगे गाड़ी चलाने पर रंगदारी देने की धमकी देकर फरार हो गए। रविवार रात को मामले में पुलिस ने मामला जांच में लेकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। एक बदमाश की पहचान कल्ली गुर्जर निवासी मुरैना के रूप में हुई है। भोपाल के नजीराबाद निवासी 24 वर्षीय घनश्याम गुर्जर पिता चंदर सिंह गुर्जर ट्रक चालक है। वह अपने हेल्पर चेतराम तोमर के साथ कंटेनर (RJ11-GB8882) में दिल्ली से किराना का सामान लादकर भोपाल जा रहा था। रविवार शाम करीब 6:30 बजे जैसे ही उनका कंटेनर घाटीगांव थाना क्षेत्र के एबी रोड स्थित सिरसा से आगे 'सिंघाईगढ़ा' के पास पहुंचा, तभी पीछे से एक बिना नंबर सफेद रंग की बोलेरो तेज रफ्तार में आई। बोलेरो चालक ने कंटेनर को कट मारकर आगे गाड़ी अड़ा दी और रास्ता पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया।



कंटेनर रुकते ही बोलेरो में से तीन अज्ञात हथियारबंद बदमाश नीचे उतरे। आरोपियों के हाथों में राइफलें थीं, जिन्हें देखकर चालक घनश्याम और हेल्पर चेतराम दहशत में आ गए। बदमाशों ने सीधे चालक पर बंदूक तान दी और हाईवे पर गाड़ी निकालने के एवज में रंगदारी (गुंडा टैक्स) की मांग की। चालक घनश्याम ने जब हिम्मत दिखाते हुए रंगदारी देने से इनकार किया, तो आरोपियों ने धमकी दी कि 'अगर इस सड़क पर गाड़ियां चलानी हैं, तो हमें रंगदारी देनी ही पड़ेगी।' इसके बाद बदमाशों ने गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी और एक-एक कर कंटेनर के पूरे 12 टायरों पर राइफल से फायर कर उन्हें ब्लास्ट कर दिया। बोलेरो सवारों में से एक हमलावर की पहचान स्थानीय लोगों ने कल्ली गुर्जर निवासी ग्राम बरवासिन, थाना देवगढ़, जिला मुरैना के रूप में की है। लोगों का कहना है कि काफी समय से वह अपने साथियों के साथ हाइवे पर गुंडागर्दी कर रहा है। वारदात के सामने सायरन की आवाज सुनकर बदमाश हथियार लहराते हुए अपनी बोलेरो से मौके से फरार हो गए। खौफजदा चालक घनश्याम ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही घाटीगांव थाना पुलिस और 112 की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मौके का मुआयना करने के बाद पीड़ितों को थाने भिजवाया। घाटीगांव थाना पुलिस ने पीड़ित चालक घनश्याम की लिखित शिकायत पर नामजद आरोपी कल्ली गुर्जर और उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ रंगदारी मांगने, जानलेवा हमला करने, आर्म्स एक्ट और तोड़फोड़ की गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुरैना और संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## संपादकीय

# आंदोलन समाप्त, कानूनी जंग जारी

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और केंद्र सरकार के बीच सभी प्रमुख मांगों पर सहमति बनने के बाद शनिवार को 37 दिनों से जंतर-मंतर पर चल रहा आंदोलन समाप्त हो गया। सरकार ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने का भी आश्वासन दिया है। हालांकि, कानूनी जानकारों का कहना है कि सरकार की घोषणा के बाद भी एफआईआर स्वतः खत्म नहीं हो जाएंगी। प्रत्येक मामले में दिल्ली पुलिस, अभियोजन विभाग और अदालत को तय कानूनी प्रक्रिया का पालन करना होगा। जिन मामलों में पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमले, गंभीर चोट, दंगा और सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान जैसी गंभीर धाराएं लगी हैं, उनमें अदालत की मंजूरी के बिना कार्रवाई संभव नहीं होगी। सूत्रों के मुताबिक, आंदोलन के दौरान हुई हिंसा को लेकर नई दिल्ली जिले के विभिन्न थानों में 15 एफआईआर दर्ज की गई थीं। इनमें सरकारी काम में बाधा, पुलिस पर हमला, सार्वजनिक संपति को नुकसान पहुंचाने, दंगा और अन्य गंभीर धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। अब सरकार द्वारा मुकदमे वापस लेने की घोषणा के बाद इन मामलों को समाप्त करने की कानूनी प्रक्रिया शुरू होगी। कानून विशेषज्ञ पूर्व डीसीपी व अधिवक्ता एलएन राव का कहना है कि किसी भी राजनीतिक घोषणा या आपसी सहमति से एफआईआर स्वतः समाप्त नहीं होती। जब तक अदालत संबंधित मामले में आदेश पारित नहीं करती या कानून के तहत निर्धारित प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक एफआईआर और उससे जुड़ी जांच का अस्तित्व बना रहता है। हालांकि सरकार चाहे तो यह हो सकता है। सरकार को लिखित में देना होगा कि वह कोई केस नहीं चाहती है। जिसके बाद उसे सरकारी वकील उसे कोर्ट में रखेंगे और एफआईआर कैंसिल हो जाएगी। पूर्व डीसीपी व अधिवक्ता एलएन राव का कहना है कि पुलिस वैसे एफआईआर कैंसिल नहीं करनी चाहिए। उपद्रव में पुलिसकर्मियों के ऊपर चाकू से हमला हुआ है। राव का कहना है कि अगर एफआईआर कैंसिल होती है तो इससे आरोपियों का भय खत्म होगा और आगे इस तरह की घटनाएं होने की संभावना ज्यादा बनी रहेगी। सूत्रों के अनुसार, जिन मामलों में गंभीर आपराधिक पहलू नहीं है और सरकार मुकदमा आगे नहीं बढ़ाना चाहती, उनमें संबंधित थाने के जांच अधिकारी (आईओ) अदालत में क्लोजर रिपोर्ट या कैंसिलेशन रिपोर्ट दाखिल कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में पुलिस अदालत को बताएगी कि सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच समझौता हो चुका है, शांति बहाल हो गई है और व्यापक जनहित को देखते हुए मुकदमे को आगे बढ़ाना उचित नहीं है। हालांकि, अंतिम फैसला अदालत का होगा। अदालत रिपोर्ट का अध्ययन करेगी और यदि उसे लगेगा कि मामला बंद किया जा सकता है, तभी एफआईआर समाप्त करने का आदेश पारित करेगी। जिन मामलों में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, पुलिस के साथ झड़प या अन्य गैर-समझौता योग्य धाराएं शामिल हैं, उनमें केवल पुलिस की रिपोर्ट पर्याप्त नहीं होगी। ऐसे मामलों में दिल्ली सरकार अथवा आरोपी पक्ष को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ सकता है। कानूनी विशेषज्ञों के मुताबिक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) के तहत क्वैशिंग (Quashing) याचिका दायर करनी होगी। इस याचिका में अदालत को बताया जाएगा कि दोनों पक्षों के बीच विवाद समाप्त हो चुका है, आंदोलन खत्म हो गया है और शांति स्थापित हो चुकी है। अदालत सभी पक्षों की दलीलें सुनने और रिकॉर्ड का परीक्षण करने के बाद ही एफआईआर रद्द करने या उसे जारी रखने पर अंतिम निर्णय देगी।

## सैर सपाटा

# भोलेनाथ के 5 पवित्र मंदिर, सावन में उमड़ती है श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़

सावन के महीने की बात आते ही भोलेनाथ के सुंदर मंदिर आंखों के सामने आने लगते हैं। इस महीने में ज्यादातर लोग भोलेनाथ के अलग-अलग मंदिरों में जाना पसंद करते हैं। हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव सर्वोच्च शक्ति हैं और भारतीय संस्कृति में उनकी अहम भूमिका रही है हिंदू मान्यता के अनुसार सावन का महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इस दौरान भक्त व्रत रखते हैं, शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा अर्पित करते हैं। भारत में भगवान शिव के अनेक मंदिर हैं और इस दौरान खास सजावट, धार्मिक अनुष्ठान और भक्तों का विशाल मेला देखने को मिलता है। यहां उन अनेकों मंदिरों में ऐसे 5 के बारे में बता रहे हैं जहां सावन में भक्तों की सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ती है।

## भोलेनाथ के 5 मंदिर

### 1 महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग

उज्जैन में भगवान शिव को समर्पित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग एक हिंदू शिव मंदिर है और यह बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। रुद्र सागर झील के किनारे बना ये मंदिर आस्था और विश्वास के कारण भक्तों के सबसे प्रिय है। भगवान शिव इस मंदिर के मुख्य देवता हैं, जो यहां लिंग के रूप में विराजमान हैं। माना जाता है कि वे अपने भीतर शक्ति की एनर्जी को समाहित किए हुए हैं।



### 2 त्र्यंबकेश्वर शिव मंदिर, नासिक



त्र्यंबकेश्वर शिव मंदिर भगवान शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर है। इस मंदिर में तीन लिंग हैं जो शिव, विष्णु और ब्रह्मा को समर्पित हैं। इस शिव मंदिर में रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं और सावन के महीने में भी यहां भक्तों की भीड़ रहती है।

### 3 काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी



काशी विश्वनाथ मंदिर भारत के सबसे पवित्र शिव मंदिरों में से एक है, जो उत्तर प्रदेश राज्य के पवित्र शहर वाराणसी में स्थित है। यह बारह ज्योतिर्लिंगों में से भी एक है। भोलेनाथ के भक्तों में इस मंदिर की खास जगह है।

### 4 सोमनाथ मंदिर, गुजरात



भारत के प्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में फेमस यह मंदिर अरब सागर के तट पर स्थित है। सावन में यहां खासतौर से अभिषेक, शिव पूजन और धार्मिक कार्यक्रमों होते हैं। भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में इस मंदिर को प्रथम माना जाता है।

### 5 बैद्यनाथ धाम, झारखंड



बैद्यनाथ धाम को भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में गिना जाता है। इसे एक प्रमुख शक्तिपीठ भी माना जाता है, जिससे इसका धार्मिक महत्व खास बन जाता है। सावन महीने में सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों की लंबी यात्रा और भक्तों का विशाल मेला यहां की पहचान है।

New Delhi

# सजा, जुर्माना और 3 महीने की डेडलाइन... ये 5 प्रावधान पेपर लीक पर पुराने कानून से अलग होंगे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पेपर लीक के मामले को सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है. सोमवार को मॉनसून सत्र के दौरान लोकसभा में इससे जुड़ा बड़ा संशोधन बिल पेश होने वाला है. केंद्र सरकार इस बिल के जरिये परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल पर शिकंजा कसने का प्लान बना रही है. इस संशोधन बिल में क्या है खास इस पर डालते हैं एक नजर- संशोधन बिल का नाम- सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक-2026

**1. क्या है प्रस्ताव-** A. हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में पेपर लीक मामलों की सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित करने का प्रस्ताव B. अदालतों में रोजाना सुनवाई होगी। C. चार्जशीट दाखिल होने के तीन महीने के भीतर ट्रायल पूरा करना होगा.

**2. सजा कितनी कड़ी होगी**? A. पेपर लीक और परीक्षा में अनुचित साधनों के इस्तेमाल से जुड़े मामलों की जांच दो महीने के भीतर पूरी करनी होगी. B. दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों को कम से कम 5 साल और अधिकतम 10 साल तक की जेल तथा 50 लाख रुपये तक का जुर्माना C. संगठित तरीके से पेपर लीक या परीक्षा में धांधली करने वाले गिरोहों के लिए सजा ज्यादा कड़ी D. ऐसे मामलों में न्यूनतम 7 साल की जेल और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है.

**3. अभी के लागू कानून में क्या है प्रावधान**?- मौजूदा दौर में लागू कानून सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 में सामान्य मामलों में 3 से 5 साल की जेल और संगठित अपराध के मामलों में 5 से 10 साल की सजा तथा कम से कम 1 करोड़ रुपये जुर्माने का प्रावधान है.

नया संशोधन कानून इन प्रावधानों को और सख्त बनाएगा. विधेयक को सोमवार को (आज) लोकसभा में पेश करने, उस पर चर्चा और पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किया गया है. हालांकि, आमतौर पर किसी विधेयक को एक ही दिन में पेश और पारित करने की प्रक्रिया कम ही देखने को मिलती है.

New Delhi

## CJP प्रोटेस्ट खत्म होते ही NEET को लेकर एक और सुसाइड छात्रा ने लगा ली फांसी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) एक तरफ जहां नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर NEET पेपर लीक को लेकर चल रहा कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन खत्म हो गया है, वहीं दूसरी तरफ इससे जुड़े खुदकुशी के मामले थम नहीं रहे हैं। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले से एक ऐसी ही खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक यहां कर्जत तालुका के एक गांव में 19 साल की छात्रा अंकिता सांगले ने नीट परीक्षा में कम नंबर आने के बाद तनाव में आकर खुदकुशी कर ली।**

अंकिता ने दिल्ली में CJP की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन खत्म होने के एक दिन बाद ही यह खौफनाक कदम उठा लिया। बता दें कि नीट परीक्षा में हुए पेपर लीक, री एग्जाम और नतीजों की अनिश्चितता के बीच कई छात्र भारी मानसिक दबाव से गुजर रहे थे। इससे पहले भी देश के अलग-अलग कोने में कम से कम 20 छात्रों ने पेपर लीक को जिम्मेदार ठहराते हुए खुद की जान ले ली थी।अब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और सरकार से आश्वासन मिलने के बाद जंतर-मंतर पर CJP का विरोध प्रदर्शन और अनशन तो समाप्त हो गया, लेकिन खुदकुशी का सिलसिला जारी है।

### डिप्रेशन में थी अंकिता

एएनआई के मुताबिक अंकिता को नीट की परीक्षा में 166 नंबर ही मिले। उम्मीद से काफी कम अंक आने और डॉक्टर बनने का सपना टूटता देख अंकिता गहरे डिप्रेशन में चली गई थी। शनिवार दोपहर जब परिवार के लोग बाहर गए हुए थे और घर पर कोई नहीं था तब अंकिता ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जिंदगी खत्म कर ली।

Rajasthan

## जेल में दूध की थैली में मिला फोन

**चित्तौड़गढ़, (एजेंसी)** चित्तौड़गढ़ जिला जेल में दूध की थैली में फोन मिला है। 2 दिन पहले यहां रिटायर्ड ASI के बेटे की हत्या करने वालों की पार्टी का वीडियो सामने आया था। इसमें बदमाश डांस करते और दाल-बाटी खाते नजर आ रहे हैं। ये फोन बी वार्ड की बैरक नंबर 8 और 9 के बीच बने आखिरी दो टॉयलेट्स के पास दीवार पर लगे लोहे के जाल के पास मिला। इसमें एक और पन्नी में लिपटा सिल्वर रंग का कैचौड़ा कंपनी का मोबाइल फोन और उसकी बैटरी रखी थी। जेल प्रशासन ने इसे सुरक्षा में चूक मानते हुए कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवाया है। मौके पर मौजूद जेल प्रहरी सीताराम बैरवा ने मोबाइल को जब्त किया। इसके बाद मोबाइल की जब्ती की कार्रवाई पूरी की गई और पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। जेल अधीक्षक की ओर से पूरे मामले की लिखित रिपोर्ट कोतवाली थाना पुलिस को भेजी गई। रिपोर्ट के आधार पर जेल प्रहरी वेदराम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। बरामद मोबाइल भी पुलिस के हवाले किया गया।

New Delhi

## 10 हजार किलोमीटर की 'रेन बेल्ट', यूपी से लेकर बंगाल और हरियाणा तक होगी मूसलाधार बारिश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत में मॉनसून एक बार फिर अपने पूरे जोर में आ गया है। हाल ही में जारी सैटेलाइट तस्वीरों में मॉनसून की बारिश का एक बड़ा दायरा (बेल्ट) दिखाई दिया है, जिसमें बादलों की विशाल पट्टी सात से 10 हजार किलोमीटर (उत्तर भारत से दक्षिण कोरिया तक) तक बनी हुई है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, यह घटना 2026 के दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सबसे सक्रिय दौर में से एक है, जिसे मैसिव मॉनसून डे करार दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस घटना से भारत के लगभग 88 से 92 फीसदी हिस्से को बादलों ने ढक दिया है। इस सक्रिय मॉनसून के कारण उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में तीव्र बारिश के हालात बन गए हैं।

दरअसल, जुलाई के पहले हफ्ते में देशभर में मॉनसून सक्रिय होने से महाराष्ट्र, दिल्ली समेत कई



राज्यों में तेज बारिश हुई थी। लेकिन उसके बाद अचानक सभी बादल गायब हो गए थे। मौसम विभाग के मुताबिक, जुलाई के शुरुआती हफ्तों में मानसून की ट्रफ रेखा खिसककर हिमालय की तराई की ओर चली गई थी, जिससे मैदानी इलाके बारिश से वंचित हो गए। उस वक्त मध्य भारत के ऊपर विपरीत हवाओं का दबाव बना, जिसने हिंद और अरब महासागर से आने वाली नमी हवाओं के प्रवाह को रोक दिया।

खेल

### ये जीत कारगिल के वीरों के नाम!

# बॉक्सिंग रिंग में भी टिक नहीं सका पाकिस्तान जादुमणि सिंह ने लगाया विनिंग पंच

**ग्लासगो, (एजेंसी)** ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय मुक्केबाजों का दमदार प्रदर्शन लगातार जारी है. रविवार (26 जुलाई) को को भारत ने बॉक्सिंग रिंग में पाकिस्तान पर बड़ी जीत दर्ज की. भारतीय मुक्केबाज जादुमणि सिंह ने पुरुषों के मुकाबले में पाकिस्तान के सुमामा रहमान को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली. वहीं एशियन गेम्स की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 54 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. अब दोनों भारतीय मुक्केबाज कॉमनवेल्थ गेम्स के पदक से सिर्फ एक जीत दूर हैं.



एसईसी सेंटर में जादुमणि सिंह के मुकाबले से पहले ही माहौल पूरी तरह भारत के समर्थन में बदल चुका था. चारों ओर 'भारत माता की जय' और 'इंडिया-इंडिया' के नारों की गूंज थी. दर्शकों का जोश इतना था कि मुकाबला शुरू होने से पहले ही भारत-पाकिस्तान मुकाबले का रोमांच चरम पर पहुंच चुका था. ऐसे माहौल में जादुमणि ने जिस आत्मविश्वास और संयम के साथ प्रदर्शन किया, उसने पाकिस्तानी मुक्केबाज को पूरे मुकाबले में कभी वापसी का मौका नहीं दिया. पहले राउंड में दोनों मुक्केबाजों ने एक-दूसरे को परखा. लेकिन इसके बाद जादुमणि सिंह ने अपनी रणनीति बदली और लगातार तेज हुक व सटीक स्ट्रेट पंच लगाने शुरू कर दिए. उनकी रफ्तार और टाइमिंग के सामने सुमामा रहमान पूरी तरह बेबस नजर आए. दूसरे राउंड में जादुमणि के एक जोरदार राइट हैंड पंच ने पाकिस्तानी मुक्केबाज को हिला दिया. हालात ऐसे बने कि रेफरी को रहमान को स्टैंडिंग काउंट देना पड़ा. यहीं से मुकाबला पूरी तरह भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में झुक गया. तीसरे राउंड में जादुमणि पूरे आत्मविश्वास के साथ रिंग के बीचों-बीच खड़े रहे. उन्होंने कई बार पाकिस्तानी मुक्केबाज को हमला करने का न्योता दिया और फिर अपनी शानदार फुटवर्क, तेज काउंटर अटैक और सटीक पंचों से लगातार अंक बटोरते रहे. आखिर में पांचों जजों ने सर्वसम्मति से भारत के पक्ष में फैसला सुनाते हुए जादुमणि को 5-0 से विजेता घोषित कर दिया.

सिनेमा

## देवोलीना को चाहिए पंजाब, केरल और कर्नाटक के शिक्षा मंत्रियों का भी इस्तीफा, कहा- उल्टी गिनती शुरू, रिजाइन करो



टीवी एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर अपनी राय दी है। इस पोस्ट में धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद पंजाब, केरल और कर्नाटक के शिक्षा मंत्रियों से भी इस्तीफा देने की मांग की गई थी। X पर एक यूजर ने पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे ने एक मिसाल कायम की है और पंजाब, केरल और कर्नाटक के शिक्षा मंत्रियों से भी पद छोड़ने को कहा। यूजर ने राजनीतिक नेताओं राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल को भी टैग किया और उनसे अपने बयानों पर कायम रहने को कहा। यूजर ने लिखा, 'अब जब धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया है, तो उन्होंने एक मिसाल कायम की है। इससे पंजाब, केरल और कर्नाटक के शिक्षा मंत्रियों के इस्तीफे का रास्ता साफ हो गया है। आइए #RahulGandhi #ArvindKejriwal, अपनी ही बातों का सम्मान करें।' इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए देवोलीना ने लिखा, 'उल्टी गिनती शुरू हो गई है... शुभ काम में और देरी नहीं होनी चाहिए... इसे अपनाएं और इस्तीफा दें।' हाल ही में, श्वेता तिवारी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर रिएक्ट किया था।

## Highlights

1. Education Minister Pralhad Joshi summons NTA officials to his residence: Report
2. A man molested me at CJP protest, volunteer said 'mistakes happen': Ex-BJP MLA's daughter
3. Woman and her son spend 12 hours on tree amid floods in Assam
4. Youth should step out of virtual world to know India: PM Modi
5. I'll give you ₹1 cr, give me my daughter back: Father of NEET aspirant who died by suicide
6. Fake call centre targeting US citizens busted in Madhya Pradesh
7. Video shows person rolling about soya chaap dough, being sprayed with water in UP

# Zepto, Truhome Finance to lead IPO rush as firms target over ₹25,000 crore




**NEW DEIHI, (Agency).** India's primary market is set for another busy month, with more than a dozen companies, including Zepto, Shiprocket, and Elevate Campuses, preparing to launch their initial public offerings (IPOs). The upcoming issues are reportedly expected to collectively raise more than ₹25,000 crore.

The offering features a mix of fresh equity issues and offers for sale (OFS), reflecting healthy demand for new listings.

### Zepto, Truhome and Shiprocket lead IPO

Among the biggest offerings, Zepto has planned an IPO comprising a fresh issue up to ₹8,010 crore along with an offer for sale of up to 11.34 crore. The company, which competes with Blinkit, Swiggy Instamart and BigBasket in India's quick commerce market, plans to use proceeds from the fresh issue to expand its dark-store network, strengthen technology infrastructure and support growth initiatives.

Housing finance firm Truhome Finance is planning a ₹3,000-crore IPO, comprising a fresh issue of shares worth up to ₹1,500 crore and an offer for sale of an equal amount, news agency PTI reported.

Education infrastructure company Elevate Campuses intends to raise ₹2,550 crore through an entirely fresh issue, while logistics platform Shiprocket plans for a ₹2,342.35-crore IPO, including a fresh issue of up to ₹1,100 crore and an offer for sale worth ₹1,242.35 crore.

Other companies planning to enter the primary market include Innovatiview India, which aims to raise up to ₹2,000 crore entirely through an OFS, and Milky Mist Dairy Food, which has proposed a ₹1,553-crore issue. Dhoot Transmission, ARCIL (Asset Reconstruction Company India Ltd), Ardee Industries, Gaja Alternative Asset Management, Rays of Belief, Hy-Tech Engineers, Shankesh Jewellers and Learnfluence Education are also issuing IPO.

### Market sentiment improves

Merchant bankers believe companies that had delayed their listing plans are now returning to the market as investor confidence strengthens. "With markets stabilising and investor sentiment improving, companies that were waiting on the sidelines are now moving ahead with their IPO plans," said Bhavesh Shah, MD & Head-Investment Banking at Equirus Capital, as cited by PTI. The strong IPO pipeline comes amid sustained activity in India's primary market this year. So far, 36 companies have launched IPOs in 2026, including nine that entered the market this month.

# शराब-पीकर कार चला रहे युवकों ने पुलिसकर्मियों से की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाड़िया में चेकिंग के दौरान तीन पुलिसकर्मियों की पिटाई हो गई। कार सवारों को पुलिसकर्मियों ने पकड़ा तो उन्होंने पुलिसकर्मियों से जमकर मारपीट कर दी। मामला अधिकारियों तक पहुंचा, जिसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। कुछ दिन पहले जमीन विवाद में भी यहां पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया था।**

कनाड़िया पुलिस ने राहुल गेहलोद निवासी कृष्ण बाग कॉलोनी, सुभाष चौहान, आशीष और संतोष के खिलाफ शराब पीकर कार चलाने और पुलिसकर्मियों से विवाद कर मारपीट करने के मामले में एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के मुताबिक, शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे मुकाम सिंह डाबर थाने के अन्य पुलिसकर्मी किशोर सावलिया, विजय यादव, रूपेंद्र भाटी, ओमप्रकाश, मुकेश व अन्य के साथ शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान कार नंबर MP13ZK1644 लेकर राहुल गेहलोद वहां पहुंचा। कार में उसके अन्य साथी भी थे। अधिक शराब पीने के चलते राहुल गेहलोद का चालान बनाया गया, जिस पर सभी पुलिस से विवाद करने लगे। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने कार को थाने ले जाने की बात कही। तब राहुल और उसके साथियों ने हाथापाई कर दी। साथ ही अपशब्द कहते हुए नौकरी छिनवाने की धमकी दी। इस दौरान पुलिसकर्मी अशोक, किशोर सावलिया और विजय यादव के साथ जमकर मारपीट की गई, जिसमें तीनों के चेहरे और हाथ में चोट आई। उन्हें स्टाफ के अन्य सदस्यों ने निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा।

इससे पहले 500 करोड़ रुपए की जमीन को लेकर चल रहे विवाद में भी कनाड़िया थाने के दो पुलिसकर्मियों के साथ जमकर मारपीट की गई थी। दोनों का अलग-अलग अस्पतालों में उपचार कराया गया था। हालांकि, इस मामले में अधिकारियों ने तीन दिन बाद एफआईआर दर्ज की थी। बाद में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

# पुलिस मीटिंग के फोटो लीक, दो पुलिसकर्मी लाइन अटैच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ थाना क्षेत्र में चल रहे छात्रों के प्रदर्शन के दौरान दो पुलिसकर्मियों पर पुलिस कमिश्नर ने कार्रवाई कर दी। दोनों को लाइन अटैच किया गया। बताया जाता है कि एक गोपनीय मीटिंग के फोटो लीक होने के बाद छात्र नेताओं ने उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। इसके बाद पुलिस कमिश्नर ने मामले में कार्रवाई की।**

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने भंवरकुआ थाने के पुलिसकर्मी लक्ष्मण वास्कले और शैलेंद्र चतुर्वेदी को लाइन अटैच कर दिया। बताया जाता है कि प्रदर्शन खत्म कराने को लेकर जोन-1 के डीसीपी नरेंद्र रावत और अन्य अधिकारियों की अगुवाई में एक गोपनीय बैठक हुई थी। इस बैठक की जानकारी बाहर नहीं जानी थी, लेकिन इसके फोटो सोशल मीडिया पर छात्र नेताओं ने वायरल कर दिए। इसके बाद मामले में दोनों पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई। दोनों को प्रदर्शन से जुड़ी खुफिया जानकारी जुटाने की जिम्मेदारी दी गई थी। हालाकि रविवार को पुलिस कमिश्नर के आदेश के बाद फिर से दोनो की थाने पर वापसी हुई है।

कुंड में हादसा

# नहाते समय नाबालिग डूबा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बारिश के दिनों में इंदौर के आसपास के झरनों और बरसाती नदियों के किनारे बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। इसके चलते लगातार हादसे भी हो रहे हैं। रविवार को महू के समीप स्थित लोढ़िया कुंड में गहरे पानी में जाने के कारण एक नाबालिग की मौत हो गई। उसे तैरना आता था, लेकिन वह कुंड के गहरे हिस्से से बाहर नहीं निकल सका।

इंदौर के राजेंद्र नगर क्षेत्र निवासी उदय वीर अपने दोस्तों के साथ दोपहिया वाहन से पिकनिक मनाने लोढ़िया कुंड गया था। सभी दोस्त कुंड में नहा रहे थे। इसी दौरान उदय गहरे पानी की ओर चला गया और डूबने लगा। दोस्तों ने उसे डूबते देखा तो मदद के लिए शोर मचाया। कुंड के आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उदय वीर गहरे पानी में डूब चुका था। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद नाबालिग का शव कुंड से बाहर निकाला और तत्काल सिमरोल पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए महू के अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।सिमरोल थाना प्रभारी कुलदीप खत्री ने बताया कि युवक अपने दोस्तों के साथ लोढ़िया कुंड घूमने आया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। लोढ़िया कुंड पहले भी हादसों के कारण चर्चा में रहा है। वर्ष 2023 में इसी कुंड में एक कार अनियंत्रित होकर गिर गई थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इससे पहले भी एक कॉलेज छात्र की डूबने से मौत हो चुकी है।बता दें कि इंदौर में खतरनाक पिकनिक स्पॉट्स पर जाने पर प्रशासन ने रोक लगा रखी है, लेकिन इसके बावजूद लोग वहां पहुंच रहे हैं और अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक